>

Title : Need to reopen the closed railway crossing at point 178/5 K.M. between Hosa Daroji and Torangal in Bellary, Karnataka.

श्रीमती जे. शांता (बेल्लारी): मैं बेल्लारी, कर्नाटक में दरोजी से तोरंगल के बीच 178/5 कि.मी. प्वाइंट पर तत्काल एक रेलवे लेवल क्रासिंग बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं। रेलवे स्टेशन जब से होसा (न्यू) दरोजी शिफ्ट हुआ तभी से उक्त लेवल क्रासिंग बंद कर दिया है। होसा दरोजी की जनता के लिए तारंगल, जो बेल्लारी जिला के अंतर्गत एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है, जाने के लिए यह लेवल क्रासिंग बहुत उपयोगी था। होसा दरोजी तथा आसपास के इलाके से हजारों लोग रोज तोरंगल आते जाते हैं और रोजी-रोटी कमाते हैं। लेकिन, जब से उक्त रेलवे क्रासिंग बंद कर दिया गया है, वहां दोनों तरफ बेरिकेड बना दिया गया है, इससे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। अब उन्हें काम पर पहुंचने के लिए दूर के रास्ते से होकर 16 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। पहले रेलवे क्रासिंग के रास्ते होसा से तोरंगल के बीच की दूरी केवल छः किलोमीटर पड़ती थी। लोग दूरी से बचने के लिए पहले वाले रेलवे क्रासिंग को लांघ कर जा रहे हैं और अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि 178/5 कि.मी. प्वाइंट पर पुराने रेलवे क्रासिंग को फिर से चालू किया जाये। इससे बेल्लारी के उस क्षेत्र के यात्रियों का भला होगा, जो लोग जान को जोखिम में डाल रहे हैं और बैरिकेड लांघने को मजबूर हो रहे हैं। साथ ही लोगों को एक स्थायी सुविधा प्राप्त हो जायेगी। अतः रेल मंत्री से अनुरोध है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का प्रबंध कराया जाये।